MINISTÈRE
DE L'EUROPE
ET DES AFFAIRES
ÉTRANGÈRES
Liberté
Égalité
Fraternité

DIRECTION GENERALE DE L'ADMINISTRATION
ET DE LA MODERNISATION

DIRECTION DES RESSOURCES HUMAINES

Sous-direction de la politique des ressources humaines

Bureau des concours et examens professionnels

CONCOURS EXTERNE ET INTERNE POUR L'ACCÈS AU CORPS DES ADMINISTRATEURS DE L'ÉTAT DÉNOMMÉS « CONCOURS D'ORIENT » AU TITRE DE L'ANNÉE 2024

ÉPREUVES ÉCRITES D'ADMISSIBILITÉ

Mercredi 6 septembre 2023

HINDI

Durée totale de l'épreuve : 3 heures
Coefficient : 2
Toute note inférieure à 10 sur 20 est éliminatoire
Barème de notation : composition en hindi 12 points ; traduction en français 8 points

TRADUCTION EN FRANÇAIS

Traduction en français d'un texte rédigé en hindi

TEXTE AU VERSO

Hindi – traduisez le texte placé entre crochets :

जातिगत भेदभाव पर बैन: कैलिफ़ोर्निया में क़ानून के लिए कितनी चुनौतियाँ?

2 जून 2023, सविता पटेल / बीबीसी हिंदी के लिए, सैन फ्रांसिस्को से

[जाति पर आधारित भेदभाव रोकने के लिए कैलिफ़ोर्निया की डेमोक्रेट नेता आयशा वहाब ने 'एसबी-403' बिल (SB-403 bill) पेश किया है.

इसके तहत भेदभाव विरोधी क़ानून की श्रेणी में लिंग, नस्ल, धर्म के साथ जाति को भी शामिल किया जाएगा. यह बिल क़ानून बना, तो कैलिफ़ोर्निया जातिगत भेदभाव पर बैन लगाने वाला देश का पहला राज्य बनेगा. इस साल सिएटल (Seattle) जातिगत भेदभाव पर बैन लगाने वाला पहला शहर बना था. अमेरिका में रह रहे भारतीयों में से दलित समुदाय के कुछ लोग इसके लिए समर्थन जुटा रहे हैं. वहीं एक बड़ा वर्ग इस तरह के भेदभाव के दावों को ख़ारिज करता है और बिल के विरोध में है.

सुखजिंदर कौर अमेरिका के कैलिफ़ोर्निया के एक अस्पताल में बतौर नर्स काम करती हैं. कोरोना महामारी के दौरान वे अस्पताल में लगातार घंटों काम किया करती थीं, यह सिलसिला अभी भी जारी है.
लेकिन जैसे ही खाने या ब्रेक (break) लेने की बारी आती, उनके लिए चीज़ें परेशान करने वाली हो जातीं. सुखजिंदर दलित हैं और उनका कहना है कि उन्हें अकसर अपने दक्षिण एशियाई सहयोगियों से जातिगत भेदभाव का सामना करना पड़ता है.
अस्पताल में अपने पाँच साल के काम के दौरान उन्होंने अपनी जातिगत पहचान नहीं बताई. बीबीसी से बातचीत के दौरान भी उन्होंने अपनी पहचान ज़ाहिर न करने का फ़ैसला किया. बीबीसी से बात करते हुए वे कहती हैं, "ऊँची जाति से आने वाली नर्सें जाति विशेष को गंदा बताते हुए उन्हें गालियाँ देती हैं."
उनका कहना है कि अगर अमेरिका में जाति को लेकर क़ानून बनता है तो उन्हें जातिगत भेदभाव के मामलों को प्रबंधन के पास ले जाने की हिम्मत मिलेगी.
भारत में 'चमार' शब्द प्राय: दलितों के लिए अपमानजनक शब्द के रूप में प्रयोग किया जाता है और भारत के सर्वोच्च न्यायालय के अनुसार इसका इस्तेमाल दंडनीय भी हो सकता है.
दलित अधिकार कार्यकर्ताओं का कहना है कि कैलिफ़ोर्निया के जातिगत उत्पीड़न के शिकार लोग निवास, शैक्षणिक, पेशेवर और सामाजिक स्तर पर भेदभाव का सामना करते हैं. इस तरह के भेदभावों को रोकने के लिए डेमोक्रेट पार्टी की सीनेटर आयशा वहाब ने 'एसबी-403' बिल तैयार किया है. इसका उद्देश्य राज्य के भेदभाव विरोधी क़ानूनों की श्रेणी में लिंग, नस्ल, धर्म आदि के साथ-साथ जाति को भी शामिल करना है.
बिल को राज्य की असेंबली ने बीती 11 मई को 34-1 के वोट से पारित किया था और अब इसे स्टेट असेंबली में पेश किया जाना है.] **.. / ..**